सार-समाचार

चूरू प्रीमियर लीग ओपन नाइट क्रिकेट का शुभारंभ

चूरू, (निसं)। सेठानी के जोहड़े पर आयोजित चूरू प्रीमियर लीग ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य तनवीर खान ने किया। प्रतियोगिता से पूर्व तनवीर खान का शहर के प्रमुख मार्गों से रोड शो के साथ खेल मैदान तक पहुंचने पर युवाओं एवं खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर तनवीर खान ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारे की सीख मिलती है। उन्होंने चूरू में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। टूर्नामेंट में पहला मुकाबला एके कंस्ट्रक्शन अगुणा मोहल्ला और नया बास के बीच हुआ, जिसमें एके कंस्ट्रक्शन क्रिकेट टीम विजेता रही। दूसरा मुकाबला सांसी क्रिकेट टीम और भूतिया बास के बीच खेला गया, जिसमें सांसी क्रिकेट टीम ने जीत दर्ज की। इसके बाद तीसरा मुकाबला एके. कंस्ट्रक्शन और सांसी क्रिकेट टीम के मध्य खेला गया। जिसमें एके कंस्ट्रक्शन क्रिकेट टीम विजेता रही। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता रणजीत सातड़ा, एडवोकेट सुरेश कल्ला, मदन पूनिया, नासिर खान एडवोकेट, युवा नेता अली हसन, आसिफ खान, जाबिर खान, अमित शर्मा, महेंद्र शर्मा, प्यारेलाल, दीपक स्वामी, सलीम खान, शहजाद खान, शाहरुख खान, मारूफ खान, युवा नेता चंद्रभान शर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं अगुणा मोहल्ला युवा टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

'हर घर तिरंगा' अभियान का शुभारंभ

चूरू (निसं)। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ 9 अगस्त 2026 से किया गया। इसी क्रम में आज चूरू शहर के वार्ड नंबर 30 में घर-घर जाकर नागरिकों को तिरंगा वितरित किया गया। कार्यक्रम संयोजक नीरज जांगिड़ ने कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, गौरव और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का प्रतीक है। प्रत्येक परिवार को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना से जोड़ना हमारा संकल्प है। मुख्य अतिथि ओम सारस्वत, राष्ट्रीय परिषद सदस्य, भाजपा ने कहा कि हर घर पर तिरंगा फहराना देश के प्रति सम्मान और राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस को जनभागीदारी के साथ मनाकर हम नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत कर सकते हैं। इस अवसर पर गौरव कुमार, विजय प्रजापत, कर्ण उपाध्याय, सीताराम, सुभाषचंद्र, सुरेश कुमार सहित अनेक गणमान्यजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा निकाली

तारानगर (निसं)। भाजयुमो की तरफ सेरविवार को तिरंगा यात्रा व विशाल जनसभा हुई। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पराक्रम राठौड जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण देश में चल रहे इस अभियान में हर देशवासी उत्साह के साथ शामिल हो रहा है। दुनियाभर में तिरंगे का सम्मान हो रहा है, जो हर भारतवासी के लिए गौरव की बात है।

'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली

झुंझुनूं (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को झुंझुनूं शहर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। जिला मुख्यालय पर निकली भव्य तिरंगा प्रभात फेरी में 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा। हाथों में तिरंगा लेकर निकले स्काउट-गाइड के विद्यार्थी, सफाईकर्मी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शहरवासी देशभक्ति के इस कारवां का हिस्सा बने। प्रभात फेरी का शहर में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

नगर परिषद आयुक्त राकेश रंगा के संयोजन में आयोजित प्रभात फेरी को कलेक्ट्रेट परिसर के सामने से विधायक राजेंद्र भांबू, जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भाजपा नेता इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया, विश्वंभर पूनियां और एसडीएम रामकरण बिजारणियां ने वंदे मातरम के जयघोष एवं गीत के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रभात फेरी के दौरान हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों ने वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरती प्रभात फेरी के स्वागत के लिए जगह-जगह लोग मौजूद रहे।

विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशभर में 9 से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक घर में राष्ट्रीयता एवं देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान को मजबूत करना है।

उन्होंने कहा कि झुंझुनूं में जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से तिरंगा प्रभात फेरी का आयोजन इसी भावना के साथ किया गया है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से घर-घर यह संदेश पहुंचाया जा रहा है कि देशभक्ति का जज्बा आज भी युवाओं में पूरी मजबूती के साथ मौजूद है।

आने वाली पीढ़ी भी तिरंगे और राष्ट्र के प्रति इसी भावना से प्रेरणा लेगी। जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने कहा कि तिरंगा हमारी आजादी और राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक है। देश को आजादी अनेक कठिन परिस्थितियों और बलिदानों के बाद मिली। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य नागरिकों को राष्ट्रध्वज के महत्व का अहसास कराने के साथ नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से जोड़ना है।

शहीदों को नमन किया

नोहर, (निसं)। यहां अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नोहर एवं महात्मा गांधी जीवन दर्शन सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में गांधी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों एवं अमर शहीदों को नमन किया गया। महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक श्रवण तंवर ने स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष और बलिदान को याद किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनवारी लाल सुथार ने भारत छोड़ो आंदोलन के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। महिला कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रकला नायक ने कहा कि 9 अगस्त 1942 को गांधीजी के 'करो या मरो' के आव्हान ने देशवासियों में आजादी का नया जोश पैदा किया।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 321 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

नोहर,(निसं)। यहां श्री रामेश्वर लाल सैनी मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से रविवार को गांव 14 बारानी स्थित राजकीय विद्यालय में नि:शुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ बाबा धर्मनाथ जी ने सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं नि:शुल्क दवाइयां वितरित की।

शिविर में कुल 321 मरीजों की जांच की गई। इनमें आंखों के 123, दंत रोग के 65, हड्डी एवं जोड़ रोग के 75 तथा त्वचा रोग के 58 मरीज शामिल रहे। नेत्र रोगियों को जरूरत के अनुसार नि:शुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। दंत रोगियों के डिजिटल एक्स-रे एवं दांतों की डिजिटल कैमरे से स्कैनिंग की गई। शिविर में डॉ. आकाशदीप गोयल, डॉ. आकाशदीप पारीक, डॉ. विवेक साहू, डॉ. विकास गुर्जर एवं डॉ. एन.के. कुंलरीया ने सेवाएं दीं। ग्रामीणों ने ट्रस्ट की पहल की सराहना करते हुए विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं गांव में उपलब्ध कराने के लिए आभार जताया। गांवों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना संकल्प ट्रस्ट अध्यक्ष आनंद सैनी ने कहा कि संसाधनों और परिवहन के अभाव में ग्रामीणों के लिए शहर जाकर उपचार लेना कई बार मुश्किल होता है। ऐसे में गांवों में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाना ट्रस्ट की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि भविष्य में नोहर तहसील के अन्य गांवों में भी नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

यूजीसी कानून के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान चलाया

चूरू, (निसं)। रविवार को चूरू जिला मुख्यालय पर समस्त स्वर्ण समाज की ओर से सरकार द्वारा लाये गये कानून के विरुद्ध एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यहां धर्म स्तूप के पास सुबह 10 बजे से हस्ताक्षर अभियान का आगाज करणी सेना के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह राठौड़ ने किया। कार्यक्रम के संयोजक शिव शर्मा एवं सुनिल शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्धारा स्वर्ण समाज पर थोपे गये यूजीसी नामक काले कानून का विरोध करने के लिए आज चूरू शहर के समस्त स्वर्ण समाज के सहयोग से जो हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यहां स्वर्ण समाज के लोगों ने इस काले कानून के विरोध में हस्ताक्षर करके सरकार से इसे वापस लेने की मांग की। इसी क्रम में स्वर्ण समाज यात्रा रैली में लाठी चार्ज के दौरान शहीद हुए देव राज सिंह पलाड़ा को श्रद्धांजलि दी गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया गया। कार्यक्रम में करणी सेना चूरू जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह राठौड ब्राह्मण महासभा के गोपीचंद शर्मा, महेन्द्र कुमार चौबे, विश्वनाथ शर्मा, परशुराम युवा मंच के अध्यक्ष संदीप पाटील, राजपूत महासभा के कमल सिंह राठौड़ आदि ने अपने हस्ताक्षर किये।

तीये की बैठक



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी

आर्किटेक्ट विश्वनाथ शर्मा (फलोड)

का बैकुण्ठवास दिनांक 08.08.2026 को हो गया है। तीये की बैठक आज दिनांक 10.08.2026 को सायं 5 से 6 बजे तक महावीर स्कूल सी-स्कीम, जयपुर पर होगी।

शोकाकुल परिवार

हरीमोहन-शिवबाला, कृष्णमोहन-सन्तोष, शिवमोहन-इन्द्रा (पुत्र-पुत्रवधू), नरेन्द्र कुमार, राजेन्द्र कुमार (भ्राता), नरेश, दिनेश, लोकेश, प्रतीक, प्रवीण, प्रशान्त (भतीजे), नवीन, हर्ष, डॉ.गौरी, डॉ.ऋषि, एडवोकेट लक्ष्य, उदय, धनंजय, आयुष्मान, अद्विक (पौत्र), स्वाती-अरविन्द भाभडा, श्वेता-नितीश शर्मा (पौत्री-दामाद) एवं समस्त फलोड परिवार

विश्व प्रेम चैम्बर्स, अजमेर रोड़, जयपुर

मो.: 9660961113, 9828011025, 9828112525

कार्यालय नगर परिषद, सीकर

श्री कल्याण भवन, राणी सती रोड़ सीकर, पिन- 332001 Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

क्रमांक : एफ9/नपसी / कृषि भूमि/2026-27/6629 दिनांक 07.08.2026

आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरांत कृषि भूमि पट्टे के तहत पट्टा आवेदन आवंटन हेतु प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अन्दर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

पट्टा आवंटन की पत्रावलियों का विवरण

क्र. स.	पत्रावली संख्या व दिनांक	नाम	खसरा संख्या	राजस्व ग्राम	क्षेत्रफल (वर्गगज में)	प्रयोजन	ऑनलाईन पत्रावली संख्या
1	2553/05-08-2026	श्रीमती प्रियंका ढ़ाका पुत्री श्री महादेव सिंह ढ़ाका, नि. वार्ड न. 39, समर्थपुरा, पिपराली रोड, सीकर	369	समर्थपूरा	136.11	आवासीय	470193
2	2554/05-08-2026	श्री मदन सिंह शेखावत पुत्र श्री दानसिंह शेखावत, नि. प्रधान जी का जाव के पास, शास्त्री नगर, सीकर	1776	सीकर	146.32 sq.meter	आवासीय	469633
3	2555/05-08-2026	श्री जगमाल सिंह राठोड़ पुत्र श्री गुमान सिंह, नि. भंवर कॉलोनी के आगे, कंचन नगर, चिड़िया टिब्बा के पास, देवीपुरा, सीकर	137/2	सीकर	200	आवासीय	470080
4	2556/05-08-2026	श्री जगमाल सिंह राठोड़ पुत्र श्री गुमान सिंह, नि. भंवर कॉलोनी के आगे, कंचन नगर, चिड़िया टिब्बा के पास, देवीपुरा, सीकर	137/2	सीकर	200	आवासीय	470131
5	2557/05-08-2026	श्रीमती किरण कंवर पत्नी श्री जगमाल सिंह राठोड, नि. भंवर कॉलोनी के आगे, कंचन नगर, चिड़िया टिब्बा के पास, देवीपुरा, सीकर	137/2	सीकर	200	आवासीय	470169
6	2558/05-08-2026	श्रीमती प्रतिभा चौधरी पत्नी श्री विनोद चौधरी, नि. वाटिका मैरिज गार्डन के पास, शिवसिंहपुरा, सीकर	491/251	सीकर	440	आवासीय	468356
7	2559/05-08-2026	श्री गुलाब नबी पुत्र श्री युसुफ अली, नि. गहलोत रेजीडेन्सी, फतेहपुर रोड, सीकर	2640/34	सीकर	200	आवासीय	462131
8	2560/05-08-2026	श्री चिरंजी लाल ढ़ाका पुत्र श्री रामकुमार, नि. आदर्श नगर, राधाकिशनपुरा, सीकर	1074	सीकर	198.83	आवासीय	467882
9	2561/05-08-2026	श्रीमती इन्द्रा पत्नी श्री रणजीत सिंह कोक, नि. पृथ्वी राज नगर फैज 4 आवासीय योजना, गोपीनाथ जी की ढ़ाणी, ग्राम नानी, सीकर	1358/149	नानी	181.6	आवासीय	464899
10	2562/05-08-2026	श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री रामेश्वर लाल ओला, नि. पृथ्वी राज नगर फैज-4 आवासीय योजना, गोपीनाथ जी की ढ़ाणी, ग्राम नानी, सीकर	1358/149	नानी	179.77	आवासीय	464941
11	2563/07-08-2026	श्री महेन्द्र सिहं पुत्र श्री नन्द सिंह, नि. साई नगर, डिवान स्कूल के पास, राधाकिशनपुरा, सीकर	602	राधाकिशनपुरा	150	आवासीय	472291
12	2564/07-08-2026	श्री रामलाल सिंह बाटड़ पुत्र श्री जगदीश कुमार, नि. न्यू आदर्श कॉलोनी के पास, नवलगढ़ रोड, सीकर	109, 130	समर्थपूरा	73.07	आवासीय	472008
13	2565/07-08-2026	श्री नरेश कुमार पुत्र श्री मनीराम, नि. जलधारी नगर आवासीय योजना, पिपराली रोड़, सीकर	141, 576	समर्थपुरा	288.88	आवासीय	471991
14	2179/29-06-2026	1. श्री मनोज कुमार अग्रवाल, 2. श्री रामलाल अग्रवाल पुत्रगण श्री घीसालाल अग्रवाल, नि. कृषि उपज मण्डी के पीछे, सीकर	122	राधाकिशनपुरा	311.33	आवासीय	471770
15	5580/28-06-2022	श्री महमूद अली पुत्र हाजी मोहम्मद सदीक, नि. मोहल्ला व्यापारियान, फतेहपुर रोड़, सीकर	27,2306/28	सीकर	266.66	आवासीय	471480
16	2366/28-12-2021	श्री सुभाषचन्द्र पुत्र श्री कानाराम, नि. हरिनगर कॉलोनी, नवलगढ़ रोड़, सीकर	8	समर्थपुरा	364.6	आवासीय	470347

नजूल शाखा में प्राप्त पत्रावली

क्र.स.		पत्रावली व दिनांक	प्रयोजन	क्षेत्रफल
1	AF520262068380 28/07/2026	श्री निजामुदीन पुत्र समन, नि. मोहल्ला व्यापारियान, बकरा मण्डी रोड, सीकर तहसील व जिला सीकर	आवासीय	272.51 वर्गगज

आयुक्त
नगर परिषद, सीकर